गरोठ पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चंद घंटों में लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

गरोठ। पुलिस थाना गरोठ द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए शनिवार शाम हुई लूट की सनसनीखेज वारदात के अज्ञात आरोपियों की पहचान कर मात्र चंद घंटों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने लूट में गया मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुनील एवं एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी गरोठ निरीक्षक हरीश मालवीय के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की।

घटना का विवरण-दिनांक 17 जनवरी 2026 को फरियादी मोहनबाई पति रामप्रसाद, उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम फूलखेड़ा थाना गरोठ ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने खेत स्थित कुएं पर कार्य कर रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल से दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। एक आरोपी मोटरसाइकिल से उतरकर पानी पीने के बहाने पास आया, जबकि दूसरा मोटरसाइकिल पर ही बैठा रहा। पानी पिलाने के दौरान आरोपी ने महिला को धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई। इसके बाद आरोपी ने उनके दोनों कानों से सोने की बालियां खींच लीं, जिससे कान फट गए और खून निकलने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की तथा महिला का गला दबाया। शोर मचाने पर दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गरोठ में अपराध क्रमांक 24/2026 धारा 309(6) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी-श्यामनाथ पिता मन्नानाथ, जाति नाथ कालबेलिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सेमली दिवान, थाना गरोठ, जिला मंदसौर।

राजेंद्र उईके पिता कथकु उईके, उम्र 44 वर्ष, निवासी धनोरा, थाना धनोरा, जिला सिवनी।

आरोपियों के कब्जे से लूट की गई पुरानी इस्तेमाली सोने की बालियां करीब 10 ग्राम, अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल (लाल पट्टी वाली) कीमत करीब 50 हजार रुपये जप्त की गई है। प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय एवं गरोठ पुलिस टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा।

पुलिस की कार्रवाई

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमों ने आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, ग्रामीणों से पूछताछ की तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

चांगली मंडल के बंजारी बालाजी पानपुर में गूंजा सनातन का स्वर

▶ भव्य हिंदू सम्मेलन में संतों व संघ पदाधिकारियों ने दिया समाज एकता, पंच परिवर्तन और राष्ट्रधर्म का संदेश

मंदसौर। चांगली मंडल के ग्राम बंजारी बालाजी पानपुर में रविवार, 18 जनवरी 2026 को एक विशाल एवं भव्य हिंदू सम्मेलन का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में सनातनी भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

सम्मेलन में मंचासीन प्रमुख अतिथियों में परम पूज्य संत श्री महावीर दास जी, संत श्री मोहित जी शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग धर्म जागरण सह संयोजक श्री श्यामदास जी बैरागी तथा मातृ शक्ति गायत्री दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गो माता एवं भारत माता के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात भैया-बहनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक गरिमा से ओतप्रोत कर दिया।

अपने ओजस्वी उद्बोधन में संत श्री मोहित जी शर्मा ने समाज को संगठित होने, भेदभाव त्यागने एवं सनातन मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र और धर्म की रक्षा का सशक्त आधार बनता है।

मातृ शक्ति गायत्री दीदी ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर विचार रखते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना, नागरिक कर्तव्य एवं पारिवारिक मूल्यों पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया।

वहीं श्री श्यामदास जी बैरागी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज से जाति-पांति से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म के प्रति सजग और समर्पित रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की सामूहिक आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ। यह सम्मेलन समाज में संस्कार, एकता एवं राष्ट्रभक्ति के भाव को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ।

युवाओं को खेल से जोड़ने का काम कर रहा मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद

▶ कबड्डी और मैराथन के साथ हुआ ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान सेवा पखवाडे का शुभारंभ

सीतामऊ/नाहरगढ। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने जल संवर्धन,स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण के साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रेष्ठ कार्य किया है। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान में खेल कुद का आयोजन कर युवाओं को मैदान से जोडने का अनोखा अभियान प्रारंभ किया है।

उक्त विचार मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान सेवा पखवाडा के शुभारंभ अवसर पर मडल अध्यक्ष जितेंद्र बामनिया ने व्यक्त किये। इस अवसर पर नगर पंचायत सीतामऊ के सभापति विवेक सोनगरा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओ को दिशा देने का काम किया है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गजेंद्रसिंह राठोड ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत प्रत्येक सेक्टर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा खेलकूद के आयोजन किए जाएंगे। इसके साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शरीर का आयोजन भी किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत श्रीराम विद्यालय में कबड्डी, मैराथन का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय को प्रमाण प्रदान किये गये। जनपद पंचायत सभागृह मे रंगोली बनाई गई। जल संवर्धन को लेकर कार्य करने वाली ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नाटाराम, ढाबला महेश, बडिया गुर्जर, करडिया, ढोढर को सम्मानित किया गया। साथ ही ष्द्मघ्यस्त्रश्च मे श्रेष्ठ कार्य करने वाले विधार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

शिक्षक ही बच्चों का सच्चा भाग्य विधाता होता है : देवरिया

▶ छात्रों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षकों का अंतिम ध्येय होना चाहिए-सुश्री टेरेसा मिंज

पिपलियामण्डी। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि नगर परिषद पिपलिया मंडी की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, नप उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, भाजयुमो जिला महामंत्री अंकित चिंटू शर्मा, चंद्रप्रकाश देवड़ा, महावीर कोठारी, मनोहर महामाया, पत्रकार बाबूलाल नागर, यूनुस मेव आदि रहे। प्राचार्य बीआर सिसोदिया ने विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की अनुशासनात्मक व्यवस्था, श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम तथा विगत तीन वर्षों की विभिन्न शैक्षणिक व सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। नप अध्यक्ष श्रीमती देवरिया ने कहा कि 'शिक्षक ही बच्चों का सच्चा भाग्य विधाता होता है। गुरु की महिमा माता-पिता से भी श्रेष्ठ है।' उन्होंने विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करने का आव्हान किया। साथ ही आश्वस्त किया कि नगर के शासकीय विद्यालयों में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी तथा शासन व नगरीय प्रशासन के माध्यम से अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राकेश गोयल ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से अध्ययन कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्रहित के सभी कार्यों में वे सदैव विद्यालय के साथ खड़े रहेंगे। अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में छात्रों को राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं शिक्षा आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। छात्र अमन एवं भूपेंद्र की प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गईं। दोनों को नप अध्यक्ष श्रीमती देवरिया ने 1000 नगद पुरस्कार प्रदान किया। वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन के समापन कार्यक्रम में अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर सुश्री टेरेसा मिंज, पत्रकार रमेश जी तेलकार, बाबूलाल नागर, प्रकाश बंसल, रमेश जी झंवर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड एवं सिल्वर मेडल, प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री टेरेसा मिंज ने कहा कि 'छात्रों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षक का सच्चा कर्तव्य और शिक्षा का अंतिम ध्येय है।

एक नजर में

चायनीज मांझे से कटे कपड़े, बड़ा हादसा टला

पिपलियामण्डी। रविवार को प्रतिबंधित चायनीज मांझे के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पिपलिया महावीरगंज निवासी एक व्यक्ति के कपड़े चायनीज मांझे से कट गए, जबकि उन्हें केवल मामूली रगड़ आई। गनीमत यह रही कि व्यक्ति ने ऊनी वस्त्र पहन रखे थे, अन्यथा गंभीर चोट या जानलेवा हादसा भी हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम शर्मा निवासी महावीरगंज, पिपलियामंडी, रविवार को रेलवे फाटक स्थित ओवरब्रिज से अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान आसपास उड़ रही पतंग का प्रतिबंधित चायनीज मांझा अचानक उनके हाथ में फंस गया। मांझा इतना तेज था कि उनके हाथ की बाजू की साइड से पहनी हुई जर्किन, इनर, शर्ट व बनियान कट गई। मांझे की चपेट में आने से घनश्याम शर्मा के हाथ में हल्की रगड़ आई, लेकिन ऊनी कपड़े होने के कारण शरीर को कोई गहरी चोट नहीं पहुंची। उल्लेखनीय है कि चायनीज मांझे के उपयोग पर शासन द्वारा पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि इससे पूर्व भी कई स्थानों पर गंभीर हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में खुलेआम चायनीज मांझे का उपयोग किया जा रहा है, जिससे राहगीरों, बाइक सवारों व आम नागरिकों की जान पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि चायनीज मांझे की बिक्री व उपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया

मंदसौर। थैलेसिमिया एवं सिकल सेल सोसायटी शिवरामपल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य में मनोचिकित्सक डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को वर्ष 1997 से लगातार रक्तदान के क्षेत्र में और विशेषतौर से थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए सराहनीय कार्य करने के चलते एवं अब तक 63 बार रक्तदान करने और 112 थैलेसिमिया बच्चों के रक्त संरक्षक बनके अपनी रक्त सेवा देने के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मान हैदराबाद स्थित एस एस लोया थैलेसिमिया वेलनेस सेंटर में कारगिल युद्ध में अपनी बहादुरी के लिए सम्मानित तोपची नायक दीपचंद, के करकमलों से प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से लगभग 15 राज्यों से रक्त सेवा में लगे तकरीबन 100 रक्तवीरों को आमंत्रित किया गया था। साथ ही भारतीय सेना के पूर्व मेजर, कैप्टन, एवं एसपीजी कमांडो भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ हिमांशु यजुर्वेदी को देश के दसवें राज्य से यह 22वां राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है।

गो-भैंसवंशीय पशुओं में नि :शुल्क खुरपका-मुँहपका टीकाकरण 31 जनवरी तक होगा

मंदसौर। पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ह्वष्टष्क्र-स्नस्ष्ठ) योजना के अंतर्गत जिले के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में खुरपका-मुँहपका टीकाकरण कार्यक्रम 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 4 माह से अधिक आयु के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में नि :शुल्क खुरपका-मुँहपका टीकाकरण किया जाएगा। खुरपका-मुँहपका बीमारी होने पर पशुओं के मुंह में छाले एवं पेरों में घाव हो जाते हैं। दुधारू पशुओं में दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिससे पशु पलकों को आर्थिक नुकसान होता है। बीमारी बढ़ने पर पशु की मृत्यु भी हो सकती है। संक्रमांक बीमारी एक पशु में होने पर पूरे ग्राम के पशुओं को प्रभावित करती है।

ग्राम संधारा प्रखंड में विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न

▶ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता, शोभायात्रा व संतों के उद्बोधन बने आकर्षण

संधारा। ग्राम संधारा प्रखंड में आज एक विशाल एवं भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत खेड़ापति हनुमान जी मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ की गई। इसके पश्चात खेड़ापति हनुमान मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर महात्मा गांधी स्कूल परिसर में संपन्न हुई।

शोभायात्रा के दौरान ग्रामवासियों द्वारा पूरे मार्ग पर पुष्पवर्षा की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति, वरिष्ठजन, युवा साथी एवं बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

हिंदू सम्मेलन मंच पर साधु-संतों द्वारा मां भारती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया, जिसके पश्चात मंचीय कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस अवसर पर साधु-संतों का स्वागत-वंदन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संत योगी नेमसागर महाराज (मिश्रोली धाम) उपस्थित रहे। विशेष संतों में बजरंगदास जी महाराज (कंकलेश्वर महादेव धाम चेचट), योगी अमरनाथ जी महाराज (सामरिया), महावीरानंद जी महाराज (हिंगलाज माता मंदिर आश्रम संधारा), भगवताचार्य ओमप्रकाश कश्यप, मातृ शक्ति सुश्री नंदनी कलवाडिया तथा संघ प्रवक्ता एवं जिला प्रचारक गरोठ शुभम सेधव का स्वागत किया गया। जिला प्रचारक शुभम सेधव ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज से संगठित होकर समरसता के साथ जाति-पांति से ऊपर उठकर राष्ट्र सेवा का आह्वान किया। वहीं मंचासीन सभी अतिथियों ने हिंदू एकता, राष्ट्रहित, समाजहित एवं देशभक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत उद्बोधन हिंदू सम्मेलन प्रभारी एडवोकेट रासबिहारी द्विवेदी द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समितियों का सम्मान किया गया तथा बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष लेखराज राठौर ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में समिति सचिव राजेश शर्मा, कमल प्रजापति, विजय राठौर, राकेश राव, बंटी गौतम सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। हिंदू सम्मेलन के अवसर पर ग्राम संधारा के सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सम्मेलन को पूर्ण सहयोग प्रदान किया, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना रहा।

सीतामऊ पुलिस को बड़ी सफलता, 70 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

▶ देर रात तक नगर में निकला चल समारोह, अखाड़ा प्रदर्शन व सम्मान समारोह ने बांधा समां

सीतामऊ। अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 70 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना सीतामऊ पुलिस ने अप.क्र. 38/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी सुनील पिता बालाराम उर्फ मालाराम विश्नोई (उम्र 25 वर्ष), निवासी लोहावट, फलोदी (राजस्थान) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की सिल्वर रंग की ग्लेंजा कार से 70 किलो डोडाचूरा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के परिवहन, भंडारण व विक्रय पर रोकथाम हेतु यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील के नेतृत्व एवं एसडीओपी सीतामऊ श्री दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश प्रजापति द्वारा गठित टीम ने मुखबिर सूचना पर 18 जनवरी 2026 को मऊखेड़ा आम रोड बालाजी मंदिर के पास ग्राम सेमलखेड़ा क्षेत्र से आरोपी को पकड़ा।

सात दिवसीय गौमाता कथा का विश्राम, कथावाचक पं. प्रभुशंकर व्यास का हुआ सम्मान

▶ बसंत पंचमी पर गौशाला शुभारंभ की घोषणा

गरोठ। नगर के श्री गुप्तेश्वर महादेव शिवालय के सामने स्थित परिसर में आयोजित सात दिवसीय गौमाता कथा का रविवार, 18 जनवरी को विधिवत हवन पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। सांय 4 बजे कथा का विश्राम हुआ। कथा का वाचन व्यासपीठ पर विराजित प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रभुशंकर व्यास द्वारा किया गया, जिनके ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर रहे।

कथा विश्राम अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित श्री खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति गरोठ के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल (पत्रकार), नगर परिषद गरोठ के अध्यक्ष राजेश सेठिया, कथा आयोजन समिति के प्रमुख प्रशांत पांडे, महेश विश्वकर्मा, जमाई प्रकाश राठौर, सोनू व्यास सहित अन्य गणमान्यजनों द्वारा कथावाचक पं. प्रभुशंकर व्यास का शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कथा में उपस्थित अन्य संतजनों एवं ब्राह्मणजनों का भी स्वागत-सम्मान कर उन्हें दक्षिणा भेंट की गई। आयोजन समिति ने गौमाता कथा के सफल आयोजन एवं श्रद्धालुओं के व्यापक सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

कथा मंच से आयोजन समिति द्वारा यह भी घोषणा की गई कि आगामी 23 जनवरी 2026, बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गौशाला का शुभारंभ किया जाएगा। समिति ने बताया कि नवीन गौशाला समिति का मुख्य उद्देश्य यह रहेगा कि आने वाले समय में गरोठ नगर में कोई भी गौमाता सड़क पर भटकती हुई नजर न आए।

एक नजर ▶ किसानों की समस्याओं को लेकर गांव-गांव पहुँचे किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित चन्देल

किसान जन आंदोलन पद यात्रा को सीतामऊ ब्लॉक में मिला अपार समर्थन

सीतामऊ। किसानों की ज्वलंत समस्याओं को जानने एवं उनके समाधान की मांग को लेकर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित चन्देल द्वारा निकाली जा रही किसान जन आंदोलन पद यात्रा आज सीतामऊ ब्लॉक में पहुँची। यात्रा को गांव-गांव किसानों का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

किसान जन आंदोलन पद यात्रा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहन्द्र सिंह गुर्जर की उपस्थिति में सीतामऊ ब्लॉक के ग्राम हानड़ी पहुँची, जहां से यात्रा सुरखेड़ा, आक्या नई आबादी, आक्या एवं साखतली होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस अध्यक्ष ललित चन्देल से खुलकर चर्चा की।

किसानों ने गेहूं का समर्थन मूल्य 4000 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने, खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज की किल्लत, फसल बीमा में आ रही परेशानियों एवं समर्थन मूल्य से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर ललित चन्देल ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही किसानों की लड़ाई को और मजबूत करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान से चर्चा कर भोपाल में मुख्यमंत्री निवास के घेराव की योजना बनाई जाएगी।

पद यात्रा में भुवनेश्वर सिंह, गोविंद सिंह पवार (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), हनुमत सिंह (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस), सुरेश पाटीदार (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), विनय राजोरिया (प्रभारी खिलचीपुर), मिथुन शर्मा (अध्यक्ष ब्लॉक किसान कांग्रेस), कर्मवीर सिंह भाटी, गुलनवाज खान, रमेश मालवीया, भेरूलाल राठौड़, बबलू खान, दीपक सेन, प्रतीक गिरोटिया, रंगलाल पटेल, दिलीप (कुक्कड़) पाटीदार खेड़ा, भंवरलाल राजनगर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणछोड़ पाटीदार, सरपंच पृथ्वीपाल सिंह राठौर, डॉ. कालू सिंह राठौर, बगदीराम लोहार, श्याम पाटीदार, युवराज सिंह आक्या सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं किसान साथी उपस्थित रहे।

किसान जन आंदोलन पद यात्रा के माध्यम से किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प दोहराया गया।